संख्या-42/825/84-1-13-08बामा/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

मुजफफरनगर।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 07 अक्टूबर, 2013

विषय- वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, खतौली, कार्यालय/प्रयोगशाला भवन किराया स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या- 306/84-1-13-08बामा/2013, दिनॉक 28 मार्च, 2013 तथा अनुवर्ती अनुस्मरण पत्र दिनॉक 17 जुलाई, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, खतौली (मुजफफरनगर) के कार्यालय हेतु सहकारी गन्ना विकास समिति, खतौली का भवन, जो जानसठ रोड भूड खतौली में स्थित है, का रू0 140.00 प्रति वर्गमीटर की दर से मासिक किराया निर्धारित किया गया है जो अत्यधिक प्रतीत होता है, के संबंध में आख्या/प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक शासन में अप्राप्त है। अत: अनुरोध है कि कृपया पुन: परीक्षण करते हुए जिले में लागू सर्किल रेट की छाया प्रति सहित वांछित आख्या/प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in